तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **श्रवण देवड़ा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353515284072360	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/11/25	अपीलार्थी श्रवण देवड़ा निवासी टाको का बास मगरा पुंजला मंडोर जोधपुर, वार्ड संख्या– 62, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर–उत्तर) को सूचना का अधिकार के तहत दिनांक 19.08.2025 को प्रार्थना पत्र, अपर जिला कलक्टर द्वितीय एवं प्रभारी अधिकारी सतर्कता शाखा, जोधपुर आपको स्पीड पोस्ट संख्या ER984833575IN के द्वारा दिनांक 19 जून 2025 को एक फर्जी पत्तों से संबंधित की गई शिकायत के संबंध में की गई कार्यवाही से संबंधित सूचना के लिए प्रेषित किया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, उत्तर, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.25 17:47:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19037631